





## एक नजर में

### नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**मंदसौर।** म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मंदसौर वृत्त के अधीक्षण यंत्री योगेश आठनेरे ने बताया कि 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस लोक अदालत में मंदसौर/ मल्हारगढ़/सीतामऊ संभाग के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का विशेष न्यायालय मंदसौर में एवं गरोठ एवं भानपुरा तहसील न्यायालयों में लंबित विद्युतीय न्यायालयीन प्रकरणों का एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरणों तथा मुकदमा पूर्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। कंपनी द्वारा दी जाने वाली छूटें कंपनी की ओर से विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं मुकदमा पूर्व प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू समस्त कृषि 5 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू, 10 एच.पी. भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को सम्पूर्ण निर्धारण राशि का एक मुश्त भुगतान किये जाने पर निम्नानुसार छूट प्रदान की जावेगी।

### पिपलियामंडी में सूने मकान में लाखों की चोरी फर्श पर खून मिलने से सनसनी

**पिपलियामंडी।** नगर में ब?ती चोरी की घटनाओं के बीच शुक्रवार रात अजय टॉकीज रोड क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। वारदात के दौरान चोरों के घायल होने के संकेत भी मिले हैं, जिससे घटना और सनसनीखेज हो गई। जानकारी के अनुसार फरियादी रामप्रहलाद पाटीदार दंपत्ति शाम को दुकान पर थे। इसी दौरान 4-5 अज्ञात बदमाश गेट कूदकर घर में घुसे, दरवाजा तो?कर अंदर प्रवेश किया और सेफ तो?कर करीब 2 लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। घर लौटने पर बाहर फर्श पर खून फैला मिला, जिससे आशंका जताई जा रही है कि भागते समय कोई आरोपी घायल हुआ। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने पहले रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद नगर में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। हाल के दिनों में बाइक चोरी सहित कई वारदातें सामने आई हैं, जिनका अब तक खुलासा नहीं हो सका है। इधर, ब?ती घटनाओं के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस गश्त ब?ने और बल ब?ने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, वहीं आरोपियों की तलाश जारी है।

### गरोठ की 100 ग्राम पंचायतों को एफटीके किट, जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

**मंदसौर/गरोठ।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा गरोठ विकासखंड की सभी 100 ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) वितरित की गई। किट का वितरण जिला सलाहकार मुकेश गुप्ता एवं जनपद पंचायत अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यशाला में पंचायत सचिवों को किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण दिया गया। रसायनज्ञ भगवतीलाल भाटी सहित विशेषज्ञों ने बताया कि किट से पीएच, फ्लोराइड, क्लोराइड, अमोनिया, नाइट्रेट, हार्डनेस, टर्बिडिटी, फ्री क्लोरीन, आयरन व अल्केलिनिटी सहित 10 प्रकार के परीक्षण किए जा सकते हैं। कार्यशाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पेयजल स्रोतों की स्वच्छता, नियमित क्लोरीनेशन, जल संरक्षण एवं सुरक्षित भंडारण के साथ दूषित जल से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही जल योजनाओं में जनसहभागिता और ग्राम स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

### शिवना शुद्धिकरण अभियान 103वें दिन भी जारी, दो ट्रॉली कचरा निकाला



**मंदसौर।** शिवना नदी शुद्धिकरण अभियान लगातार जारी है। अभियान के 103वें दिन रविवार को बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नदी की सफाई की। इस दौरान नदी से करीब 2 ट्रॉली कचरा निकाला गया। अभियान के तहत नदी में जमा प्लास्टिक कचरा, गंदगी तथा किनारों पर उगी कंटीली झाड़ियां और गाजर घास को हटाया गया, जिससे नदी के जल और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने में मदद मिली। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि श्रमदानियों के सामूहिक प्रयास से शिवना नदी की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भागीदारी समाज में पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान में शामिल होने का आह्वान किया। अभियान में समाजसेवी, महिला नेत्री, विभिन्न संगठनों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। यह अभियान न केवल नदी को स्वच्छ बनाने का कार्य कर रहा है, बल्कि जनजागरूकता का भी माध्यम बनता जा रहा है।

### गो सेवा के लिए मिसाल, वरिष्ठ पार्षदों ने वेतन-भत्ता किया समर्पित

**पिपलियामण्डी।** राज्य सरकार द्वारा मनोनीत वरिष्ठ पार्षद श्रीमती मुक्ति मनोहर काबरा व रूपचंद होतवानी ने गो सेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए अपने वेतन एवं भत्तों को गो सेवा हेतु समर्पित करने का निर्णय लिया। श्रीमती काबरा पूर्व में माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष के रूप में भी सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। वही होतवानी मंडी व्यापारी व सिंधी समाज के नगर अध्यक्ष है। सामाजिक कार्यों में सक्रिय काबरा व होतवानी ने अन्य जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से गो सेवा के लिए आगे आने की अपील की है। गौरतलब है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने वेतन-भत्तों को गोसेवा के लिए समर्पित करना एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।





### टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मजदूर कल्याण समिति का सराहनीय पहल



**मंदसौर।** जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की दिशा में मजदूर कल्याण समिति द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। समिति ने टीबी से ग्रसित 50 मरीजों को पोषण युक्त फूड बॉस्केट का वितरण किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को उचित पोषण उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार लाना है। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि टीबी जैसी बीमारी से लड़ने के लिए दवाइयों के साथ-साथ संतुलित आहार भी अत्यंत आवश्यक होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मरीजों को पोषक सामग्री से युक्त फूड बॉस्केट प्रदान किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी दी कि वर्ष 2026 के लिए कुल 1000 फूड बॉस्केट वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक टीबी मरीजों को लाभान्वित किया जा सके। इस अभियान के माध्यम से न केवल मरीजों को पोषण सहायता मिलेगी, बल्कि समाज में टीबी के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# प्रांतीय अध्यक्ष ने टीईटी को लेकर शिक्षकों से की चर्चा

- राज्य शिक्षक संघ के यादव मंदसौर आए



**मंदसौर। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश यादव अल्प प्रवास पर मंदसौर पहुंच कर भगवान श्री पशुपतिनाथ जी से प्रदेश के अध्यापक शिक्षक साथियों के लिए कामनाएं की। आपका राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला मंदसौर इकाई द्वारा टेट परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर प्रदेश के अध्यापक शिक्षकों के हितार्थ कार्य करने पर आपका स्वागत अभिनंदन किया गया।**

प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने उपस्थित शिक्षक साथियों से चर्चा करते हुए बताया कि राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश सदैव अध्यापक शिक्षकों के हितों को लेकर मध्य प्रदेश शासन एवं प्रशासन से कई समस्याओं के निराकरण के लिए पहल करता आया है जिसके कारण ही आज हमारी अन्य प्रदेशों से स्थिति ठीक है किंतु जहां हम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं पुरानी पेंशन को लेकर अपनी ल?ाई ल? रहे थे वहीं वर्तमान में प्रदेश के अध्यापक शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा की अनिवार्यता के संबंध में विभाग द्वारा निर्देश जारी करने से अध्यापकों में चिंता एवं भय व्याप्त हो गया था प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लगातार इस समस्या के निराकरण हेतु संगठन की ओर से माननीय सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने हेतु सभी साथियों ने आवश्यक बताया था मेरा सदैव प्रयास रहा है की अपने साथियों का किसी प्रकार का कोई नुकसान ना हो चाहे जो भी परिस्थिति हो मैं अपने साथियों की चिताओं को लेकर सदैव हर स्तर पर प्रयासरत रहा हूं। यह और बात है कि हम शत प्रतिशत समाधान को लेकर चलते हैं लेकिन सरकार एवं विभाग द्वारा हमेशा हमें बताया कुछ और जाता है और परिणाम कुछ और आते हैं इसी चिंता को लेकर मैंने मध्य प्रदेश में सबसे पहले अपने वरिष्ठ साथियों के साथ माननीय सुप्रीम कोर्ट में टीईटी की अनिवार्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अनुभवी अधिवक्ताओं से लंबी चर्चाओं के उपरांत पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई दिनांक 28 अप्रैल 2026 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अन्य प्रदेशों के साथ हमारी याचिका पर माननीय न्यायाधीश ने विस्तृत सुनवाई की गई एवं आगामी 13 मई 2026 को दोपहर 2 बजे से ओपन सुनवाई होगी एवं हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे सभी साथियों के साथ माननीय न्यायाधीश राहत प्रदान करेंगे आप सभी निश्चिंत रहें।

यादव ने कहा कि शिक्षा सत्र जुलाई से ही प्रारंभ कराने एवं सभी माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान एवं हिंदी विषय के शिक्षक को अनिवार्य रखना से हेतु आयुक्त महोदय को पत्र प्रस्तुत कर उक्त व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

इस अवसर पर भगवती शर्मा, नेपाल सिंह राणावत, सुनील धनोतिया, हरि सिंह राठौड़, विजय सिंह पूरावत,अशोक शर्मा,रामपाल सिंह देवडा, शैलेन्द्र आचार्य, भानालाल कच्छावा, लोकपाल सिंह राठौड़, श्याम धनगर, नेपाल सिंह राणावत, धर्मेंद्र पाठक, गौरव शर्मा, राजकुमार गुप्ता, शकील उद्दीन भाई, शबाना मंसूरी, गोपाल माली, पंकज मंडलोई, गोपाल सोनी, दिलीप सेठिया, योगेश रावत, मनोज बालोदिया, मनोज देतरिया, मनोज जामलीया, छगनलाल मीणा, विष्णु लाल पवार, निशिकांत त्रिवेदी किरण वर्मा, दिनेश दास बैरागी सहित साथी उपस्थित थे।

### बरखेड़ा जयसिंह में कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा का शुभारंभ

**पिपलियामण्डी।** ग्राम बरखेडा जयसिंह में शनिवार को श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। कलश यात्रा के पश्चात कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसमें सुख अंबाजी धाम निपानिया के गुरू ने श्रीकृष्ण लीला का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार, ग्राम में 2 मई से 8 मई तक श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक चलेगी। 7 मई को रात्रि 8 बजे दिव्य दरबार का आयोजन होगा, जिसमें विशेष धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

समस्त ग्रामवासियों द्वारा कथा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पांडाल में सातों दिन भोजन की व्यवस्था की गई है। कथा के समापन अवसर पर 8 मई को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ भीम आर्मी और जयस का ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



**भानपुरा। क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भीम आर्मी और जय आदिवासी संघ (जयस) ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। संगठनों ने आरोप लगाया कि अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर रहे इन तथाकथित डॉक्टरों द्वारा गलत इलाज किए जाने से लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है।**

ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में ग्राम संधारा निवासी हरिसिंह भील की मौत कथित झोलाछाप डॉक्टर बद्री पाटीदार द्वारा इलाज के बाद तबीयत बिगड़ने से हुई थी। परिजनों ने इस मामले में कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। भीम आर्मी के पूर्व जिला प्रभारी विजय धमानिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर मंदसौर एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव देरा को ज्ञापन सौंपकर बताया गया कि भानपुरा तहसील में 50 से अधिक झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी वैध डिग्री और अनुभव के इलाज कर रहे हैं। आरोप है कि ये लोग मरीजों की उम्र और बीमारी की गंभीरता जाने बिना ही दवाइयों और इंजेक्शन का उपयोग कर रहे हैं, जिससे मरीजों की जान पर बन रही है। विजय धमानिया ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर संबंधित मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो पीड़ित परिवार के साथ संगठन के कार्यकर्ता मंदसौर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इधर, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. गौरव देरा ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है और रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में संचालित झोलाछाप डॉक्टरों की सूची तैयार कर ली गई है, जिन्हें नोटिस जारी कर दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। अवैध रूप से क्लीनिक संचालित करते पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## चंबल नदी में स्टीमर संचालन पर प्रशासन सख्त, जांच के बाद लगाया प्रतिबंध



**गरोठ।** क्षेत्र में वर्षों से नियम विरुद्ध संचालित हो रहे स्टीमर और नावों के खिलाफ आखिरकार प्रशासन सक्रिय हो गया है। शनिवार को प्रशासनिक टीम ने चंबल नदी में संचालित यात्री स्टीमर की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल की और जांच पूरी होने तक उनके संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया।

जानकारी के अनुसार, लंबे समय से बिना परमिट और आवश्यक शासकीय दस्तावेजों के स्टीमर संचालित किए जा रहे थे, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में डाली जा रही थी। स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। अक्सर किसी हादसे के बाद ही जांच और दस्तावेजों की औपचारिकता शुरू होती रही है। हाल ही में जबलपुर में हुए क्रूज हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आया। मंदसौर जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम राहुल चौहान, एसडीओपी विजय यादव, टीआई बलवीर यादव तथा तहसीलदार अर्जुनसिंह भदौरिया सहित टीम ने बर्रामा क्षेत्र पहुंचकर गांधीसागर के बैकवाटर में संचालित स्टीमर की जांच की। इस दौरान बीमा, फिटनेस और लाइसेंस सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल की गई। एसडीएम राहुल चौहान ने बताया कि जांच पूरी होने तक सभी यात्री स्टीमर के संचालन पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर कार्रवाई की जाती तो हादसों की आशंका को टाला जा सकता था। अब प्रशासन की इस कार्रवाई से उम्मीद जताई जा रही है कि भविष्य में नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य : गौतम मुनिजी



**मंदसौर। माता-पिता को जीवित तीर्थ बताते हुए उनकी सेवा को सर्वोपरि धर्म बताया गया। परम पूज्य जैन संत उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी म.सा. ने कहा कि माता-पिता की अवहेलना कर तीर्थ यात्रा करना धार्मिकता नहीं, बल्कि भ्रम है। संतान का पहला कर्तव्य अपने माता-पिता की सेवा करना है, यही सच्चा पुण्य है।**

वे जीवागंज स्थित जनकूपुरा स्थानक भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। एक दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत उन्होंने भगवान राम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया और राजगद्दी का त्याग किया। यह समता और आज्ञापालन का सर्वोच्च उदाहरण है।

मुनिजी ने कहा कि आज के समय में जब संतान को संपत्ति में कम हिस्सा मिलता है, तो वे माता-पिता की आलोचना करने लगते हैं, जो कि अनुचित है। उन्होंने स्थानकवासी जैन समाज से सामायिक मंडलों के गठन और प्रत्येक रविवार सामूहिक सामायिक आयोजित करने का आह्वान किया, ताकि धर्मस्थलों का नियमित सदुपयोग हो सके। अपने प्रवचन में उन्होंने कर्म सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। पापकर्म का परिणाम दुख के रूप में अवश्य मिलता है, यह अटल सत्य है। धर्मस्थलों की मर्यादा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि वहां शालीन वेशभूषा और संयमित वाणी का पालन आवश्यक है। जो व्यक्ति धर्म की मर्यादा का पालन करता है, वही यश प्राप्त करता है। उन्होंने जीवन में मैत्री भाव अपनाने और द्वेष का त्याग करने का संदेश भी दिया। भगवान महावीर के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी समता बनाए रखना ही सच्ची साधना है। इस अवसर पर सेवा भावी संत श्री वैभव मुनिजी म.सा. ने समय के सदुपयोग पर बल देते हुए सामायिक और प्रतिक्रमण के माध्यम से जीवन को पवित्र बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जैन दिवाकर महिला संगठन समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता जारोली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। धर्मसभा के पश्चात विभिन्न परिवारों द्वारा प्रभावना वितरित की गई तथा पूर्व में नवकारसी का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय तरवेचा ने किया।

## अंजनी नदी कायाकल्प अभियान बना जनआंदोलन, श्रमदान जारी

**गरोठ।** नगर में अंजनी नदी के पुनर्जीवन और शुद्धिकरण को लेकर चल रहा 卐अंजनी नदी कायाकल्प अभियान卐 अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। अभियान के 13वें दिन विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने इसे नई ऊर्जा प्रदान की।

शुक्रवार को क्षत्रिय खाती समाज संगठन द्वारा श्रमदान किया गया, वहीं शनिवार को वेद परिवार भेरुजी महाराज समिति एवं योगा ग्रुप गरोठ के सदस्यों ने नदी तट पर पहुंचकर सफाई अभियान में योगदान दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से भाग लेकर नदी की सफाई और सौंदर्यीकरण कार्य को आगे बढ़ाया। खास बात यह रही कि बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान में हिस्सा लिया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता का संकेत है। अभियान को गति देने में नगर परिषद और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका भी सामने आ रही है। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया के नेतृत्व में यह पहल लगातार विस्तार पा रही है। उनके आह्वान पर नगर के युवा, वरिष्ठ नागरिक और विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाएं इस अभियान से जुड़ रही हैं। इसी क्रम में पोकलेन मशीन मालिकों से किए गए अनुरोध का सकारात्मक परिणाम भी मिला। वासुदेव डेवलपर्स एवं निर्माण ठेकेदार अर्जुन मालवीय द्वारा अपनी पोकलेन मशीन निशुल्क उपलब्ध कराई गई, जिससे नदी की सफाई कार्य में तेजी आई। नगर परिषद द्वारा उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। वेद परिवार, भेरुजी भक्त परिवार एवं योगा ग्रुप गरोठ के वरिष्ठ सदस्य रमेश वेद ने इस अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए नगर परिषद सीएमओ गिरीश शर्मा, अध्यक्ष राजेश सेठिया एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुकी है। अंजनी नदी कायाकल्प अभियान यह संदेश दे रहा है कि जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आमजन यदि मिलकर कार्य करें, तो किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

**एक नजर** — खेल भावना और कौशल का उत्कृष्ट परिचय देते हुए जीते 13 पदक

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय ने संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



**मन्दसौर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंदसौर के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 55वीं केवीएस संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026 में अपनी खेल भावना और कौशल का उत्कृष्ट परिचय देते हुए विद्यालय का नाम पूरे संभाग में गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 38 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने सामूहिक और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कड़ी चुनौती पेश करते हुए कुल 2 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया।

टीम खेलों की बात करें तो हॉकी में विद्यालय का दबदबा रहा, जहाँ अंडर-17 बालिका टीम ने अपने शानदार तालमेल से स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अंडर-17 बालक टीम ने भी क? मुकाबले के बाद रजत पदक अपने नाम किया।

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगा दी। स्केटिंग के क्वाड अंडर-14 बालिका वर्ग में अक्षिता चौहान ने अपनी गति का लोहा मनवाते हुए 500 मीटर में स्वर्ण और 1000 मीटर में रजत पदक हासिल किया, जबकि इसी वर्ग में यशवी जैन ने 500 मीटर और 1000 मीटर की रेस में दो कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा दिखाई। स्केटिंग के इनलाइन अंडर-14 बालिका वर्ग में रियांशी गुप्ता ने 500 मीटर और रोड रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया, तो वहीं अंडर-17 बालक वर्ग के क्वाड मुकाबले में विनायक पालीवाल ने 1000 मीटर में रजत और 3000 मीटर में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का मान ब?ाया। मार्शल आर्ट्स में भी विद्यालय के खिला?ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसमें ताइक्वांडो अंडर-14 बालिका वर्ग की -35 किग्रा श्रेणी में इनाया खान और +38 किग्रा श्रेणी में लक्षिता पाटीदार ने कांस्य पदक जीते। जूडो के अंडर-19 बालिका वर्ग में गरिमा पाटीदार ने -48 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध की। विद्यालय के लिए एक और ब?ी उपलब्धि बास्केटबॉल के मैदान से आई, जहाँ अंडर-17 बालिका वर्ग में अनन्या नागदा के शानदार खेल को देखते हुए उनका चयन आगामी केवीएस नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

खिला?ियों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष और जिले की कलेक्टर महोदया श्रीमती अदिति गर्ग, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीलांजनी प्रसाद, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देव?ा एवं प्रधानाध्यापक ऋत्विक अग्रवाल, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षक उमेश रावत, खेल प्रशिक्षक आजाद सिंह सोलंकी, सुश्री नैंसी गंगवाल सहित समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।